Telephone – 2225634 Fax – 0612 – 2221056

सत्यमेव जयते

महालेखाकार (ले० एवं ह०) का कार्यालय,बिहार, पटना

OFFICE OF THE ACCOUNTANT GENERAL (A&E), BIHAR, PATNA

पत्रांक/No.Admn-I/(A&E)/Minutes(1289)/23-24/ से०-180

दिनांक /**Date:** 03.11.2023

कार्यालय आदेश

मुख्यालय के परिपत्र संख्या-54-Staff Entt. II/14-2022 दिनांक 09.08.2023 के आलोक में उप महालेखाकार (प्रशासन) की अध्यक्षता में दिनांक 20.09.2023 को एक मीटिंग आयोजित की गई थी जिसमें शिकायत कोषांग में प्राप्त होने वाले शिकायती पत्रों के अनुश्रवण (Monitoring) से संबन्धित आदेश निर्गत करने का निदेश प्राप्त हुआ है। इस संबंध में निम्नलिखित आदेश निर्गत किए जाते हैं जो तत्काल प्रभाव से लागू होंगे:-

1. शिकायत कोषांग द्वारा दोनों माध्यमों यथा-ऑफलाइन एवं ऑनलाइन प्राप्त होने वाले सभी शिकायतों का अनुश्रवण (Monitoring) किया जाएगा।
2. रिकॉर्ड अनुभाग ऑनलाइन प्राप्त होने वाले सभी शिकायतों को संबन्धित अनुभाग को e-office में डायरी कर भेजते हुए इसकी प्रति शिकायत कोषांग को भी देना सुनिश्चित करेंगें।
3. संबन्धित अनुभाग शिकायती पत्रों के निष्पादन से संबन्धित रिपोर्ट शिकायत कोषांग को भी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।
4. शिकायत कोषांग उपरोक्त दोनों माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का मासिक प्रतिवेदन उप महालेखाकार महोदय को उपस्थापित करेंगें।

3/11

उप महालेखाकार(प्रशासन)

प्रतिलिपि:-

1. महालेखाकार (ले०एवं ह०) का सचिवालय
2. उप महालेखाकार(प्रशा०एवं जी०ई०) का सचिवालय
3. उप महालेखाकार(लेखा, भी०एल०सी० एवं कार्य) का सचिवालय
4. उप महालेखाकार(पेंशन एवं निधि) का सचिवालय
5. जी०एम०/टी०एम०/डब्लू एम०-I/पेन-01/आई०टी०एस० (वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)
6. वरिष्ठ लेखा अधिकारी/स० ले०अ०/पर्यवेक्षक-रिकॉर्ड अनुभाग/शिकायत कोषांग
7. सूचना पट्ट/ आंतरिक सोशल नेटवर्किंग ग्रुप।

वरीय लेखा अधिकारी(प्रशासन-I)